Adda247
GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/03/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** एक व्यापारी दो वस्तुओं, X और Y, प्रत्येक को ₹3,500 की दर से खरीदता है। वह दोनों वस्तुओं पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को, 45% और 60% की दो क्रमिक छूटें देकर बेचता है और लाभ के रूप में ₹889 अर्जित करता है। यदि वह Y को 69% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ A. 76.7%
✘ B. 75.7%
✘ C. 76%
✘ D. 75%

**Q.2** किस प्रकार की रासायनिक अभिक्रिया में एक यौगिक, दो या दो से अधिक सरल पदार्थों में विखंडित हो जाता है?

**Ans**
✘ A. संयुक्त अभिक्रिया
✘ B. उदासीनीकरण अभिक्रिया
✔ C. अपघटन अभिक्रिया
✘ D. विस्थापन अभिक्रिया

Adda247

**Q.3** एक कक्षा के 16 विद्यार्थियों के अंकों का औसत 56 है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी के अंक दोगुने कर दिए जाएं, तो नया औसत क्या होगा?

**Ans**
✘ A. 16
✘ B. 56
✘ C. 32
✔ D. 112

**Q.4** 1 पेटाबाइट में कितने बाइट होते हैं?

**Ans**
✘ A. 1024 योट्टाबाइट
✘ B. 1024 ज़ेटाबाइट
✔ C. 1024 टेराबाइट
✘ D. 1024 गीगाबाइट

Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund

IBPS
NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.5** सलिल का वेतन ₹18000 प्रति माह है। वह मकान किराए पर ₹5500, बिलों पर ₹1500 खर्च करता है और शेष राशि उसकी मासिक बचत है। यदि उसने अपने जन्मदिन के महीने में अपनी पूरी मासिक बचत जन्मदिन समारोह पर खर्च कर दी, तो एक वर्ष में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 132000
- ✓ B. 121000
- ✗ C. 110000
- ✗ D. 99000

**Q.6** सात डिब्बे C, F, J, N, Q, S और V एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। केवल Q, F के ऊपर रखा गया है। J और S के बीच केवल V रखा गया है। केवल N, J के नीचे रखा गया है। C और N के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

**Ans**
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सिस्टम सॉफ्टवेयर और एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर के बीच अंतर को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है?

**Ans**
- ✗ A. दोनों का उपयोग केवल मनोरंजन के लिए किया जाता है
- ✗ B. सिस्टम सॉफ्टवेयर यूज़र-ओरिएंटेड होता है; एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर सिस्टम-ओरिएंटेड होता है
- ✗ C. सिस्टम सॉफ्टवेयर डॉक्यूमेंट क्रिएट करता है; एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर CPU को मैनेज करता है
- ✓ D. सिस्टम सॉफ्टवेयर सीधे हार्डवेयर पर रन होता है; एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर, सिस्टम सॉफ्टवेयर लोड होने के बाद रन होता है

**Q.8** थार मरुस्थल को ______ के नाम से भी जाना जाता है?

**Ans**
- ✓ A. विशाल भारतीय मरुस्थल
- ✗ B. विशाल श्वेत मरुस्थल
- ✗ C. विशाल लवण मरुस्थल
- ✗ D. विशाल दक्कन मरुस्थल

**Q.9** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(11, 20, 215)
(10, 15, 145)

**Ans**
- ✗ A. (11, 15, 125)
- ✗ B. (13, 16, 208)
- ✓ C. (11, 9, 94)
- ✗ D. (7, 17, 88)

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र, अमेरिकी (US) अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक योगदान देता है?

**Ans**
- ✗ A. प्राथमिक क्रियाकलाप
- ✓ B. तृतीयक क्रियाकलाप
- ✗ C. द्वितीयक क्रियाकलाप
- ✗ D. चतुर्थ क्रियाकलाप

**Q.11** यदि संख्या 386152479 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक भी नहीं

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.12** 12 विद्यार्थियों द्वारा पूर्णांक 50 में से प्राप्त अंक क्रमशः 24, 25, 32, 23, 40, 27, 30, 25, 20, 15, 16, 45 हैं। उनकी माध्यिका अंक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 24
- ✓ B. 25
- ✗ C. 27
- ✗ D. 23

**Q.13** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)

14 – 196 – 186 – 166 ; 18 – 324 – 314 – 294

**Ans**
- ✗ A. 16 – 256 – 266 – 246
- ✓ B. 11 – 121 – 111 – 91
- ✗ C. 18 – 320 – 330 – 350
- ✗ D. 21 – 441 – 431 – 451

**Q.14** निम्न में से कौन-सा उदाहरण, यूटिलिटी सॉफ्टवेयर की श्रेणी को सर्वोत्तम रूप में निरूपित करता है?

**Ans**
- ✗ A. एमएस एक्सेल
- ✗ B. एमएस पावरपॉइंट
- ✓ C. डिस्क क्लीन अप
- ✗ D. एमएस वर्ड

**Q.15** एक निश्चित कूट भाषा में, 'MATE' को '9827' के रूप में और 'TIME' को '9218' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✓ A. 1
- ✗ B. 9
- ✗ C. 8
- ✗ D. 2

**Q.16** एक दुकानदार अपनी वस्तुओं को 35% हानि पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह सदोष तुला का उपयोग करके 75% का लाभ अर्जित करता है। 1 kg के लिए उसके द्वारा उपयोग किया गया वास्तविक वजन (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 374.5 gm
- ✓ B. 371.4 gm
- ✗ C. 376.5 gm
- ✗ D. 372.9 gm

**Q.17** सात व्यक्ति B, C, D, O, P, Q और R एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Q, D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। O, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। R, C के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✓ A. R
- ✗ B. B
- ✗ C. O
- ✗ D. D

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
JFX 15, OKC 21, TPH 27, YUM 33, ?

Ans
- ✗ A. DYP 39
- ✓ B. DZR 39
- ✗ C. EAS 38
- ✗ D. BYR 39

Q.19 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MODE' को '3519' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DIGS' को '6894' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✓ A. 9
- ✗ B. 1
- ✗ C. 4
- ✗ D. 6

Q.20 एक कक्षा के दो सेक्शन A और B में लड़कों तथा लड़कियों का अनुपात समान है। सेक्शन A में 36 लड़के और 24 लड़कियां हैं। यदि सेक्शन B में 28 लड़कियां हैं, तो उस सेक्शन में कितने लड़के हैं?

Ans
- ✗ A. 40
- ✗ B. 45
- ✓ C. 42
- ✗ D. 48

Q.21 भारत सरकार द्वारा 2025 में खराब हो चुके वन क्षेत्रों को पुनर्स्थापित करने के लिए कौन सा नया मिशन शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ A. स्वच्छ वायु पहल (Clean Air Initiative)
- ✓ B. हरित भारत मिशन (Green India Mission)
- ✗ C. शहरी जैव विविधता योजना (Urban Biodiversity Scheme)
- ✗ D. नदी पुनर्जीवन परियोजना (River Rejuvenation Project)

Q.22 यदि निम्नलिखित आंकड़े का माध्य 45 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 49 | 19 | 25 | 21 | X |

Ans
- ✗ A. 42
- ✓ B. 48
- ✗ C. 26
- ✗ D. 32

Q.23 नीति आयोग भारत में गरीबी का विश्लेषण करने के लिए किस सूचकांक का उपयोग करता है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर जैसे कई कारकों पर विचार किया जाता है?

Ans
- ✗ A. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)
- ✗ B. मानव विकास सूचकांक (HDI)
- ✓ C. बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI)
- ✗ D. आय गरीबी सूचकांक (IPI)

Q.24 संपूर्ण भारत में प्राकृतिक वनस्पति के वितरण को आकार देने में कौन-सा जलवायु कारक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

Ans
- ✗ A. मृदा पोषक तत्व गुणवत्ता
- ✓ B. वार्षिक वर्षा (>250 cm)
- ✗ C. तुंगता प्रवणता
- ✗ D. औसत वार्षिक तापमान भिन्नताएँ

Q.25 वाणिज्य विभाग द्वारा H1 FY 2025-26 (अप्रैल-सितंबर 2025) के लिए राष्ट्रीय वित्तीय प्रदर्शन की किस महत्वपूर्ण उपलब्धि की रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें अब तक के सर्वश्रेष्ठ निर्यात आंकड़ों पर प्रकाश डाला गया है?

Ans
- ✗ A. 5 वर्षों में उच्चतम FDI अंतर्वाह
- ✗ B. एक दशक में निम्नतम व्यापार घाटा
- ✓ C. H1 में उच्चतम निर्यात तिमाही
- ✗ D. बृहत्तम निर्यात विविधीकरण कार्यक्रम

Q.26 बिहार के भागलपुर जिले में स्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना निम्नलिखित में से किस शासक ने की थी?

Ans
- ✗ A. राजा गोपाल
- ✗ B. राजा देवपाल
- ✗ C. राजा महिपाल
- ✓ D. राजा धर्मपाल

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करके इसे तार्किक रूप से पूर्ण बना देगा?
NON 40 LML 30 JKJ 20 HIH 10 ?

Ans
- ✗ A. FNW 7
- ✓ B. FGF 0
- ✗ C. FHE 0
- ✗ D. FFE 5

Q.28 एक ठोस शंकु को उसके समतल पृष्ठ के समानांतर दो बराबर आयतन वाले टुकड़ों (एक छोटा शंकु और एक छिन्नक) में काटा जाता है। छोटे शंकु की ऊँचाई, छिन्नक के बड़े समतल क्षेत्र के व्यास के बराबर है। छोटे शंकु की त्रिज्या उसकी ऊँचाई की ____________ गुना है।

Ans
- ✗ A. $\frac{1}{\sqrt[3]{2}}$
- ✗ B. $\frac{1}{2\sqrt[3]{3}}$
- ✗ C. $\frac{1}{3\sqrt[3]{3}}$
- ✓ D. $\frac{1}{2\sqrt[3]{2}}$

Q.29 नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार, 10 दिसंबर, 1992 को या उसके बाद भारत के बाहर पैदा हुआ व्यक्ति वंश के आधार पर भारत का नागरिक होगा यदि ______ ।

Ans
- ✗ A. केवल पिता भारतीय नागरिक हो
- ✗ B. जन्म के समय माता-पिता दोनों भारत में सामान्य रूप से निवासी हो
- ✗ C. केवल माँ ही भारतीय नागरिक हो
- ✓ D. जन्म के समय माता-पिता में से कोई एक भारत का नागरिक हो

Q.30 गोल्डर और कुमारी द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में कुल साधन उत्पादकता (TFP) वृद्धि में कार्यमंदन का प्रमुख कारण क्या था?

Ans
- ✗ A. कुशल श्रमिकों की कमी
- ✗ B. विदेशी पूंजी पर अत्यधिक निर्भरता
- ✗ C. निर्यात पर अत्यधिक नियमन
- ✓ D. क्षमता उपयोग में गिरावट

Adda247 | GET IT ON Google Play

**Q.31** भारतीय संविधान के राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. ये विधायिका और कार्यपालिका का मार्गदर्शन करते हैं।
- ✗ B. ये सामाजिक-आर्थिक न्याय के आदर्शों का प्रतीक होते हैं।
- ✓ C. ये न्यायालयों द्वारा कानूनी रूप से प्रवर्तनीय होते हैं।
- ✗ D. ये जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**Q.32** वैश्विक नवाचार सूचकांक रैंकिंग (Global Innovation Index Ranking) 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस देश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया?

**Ans**
- ✗ A. डेनमार्क
- ✓ B. स्विट्जरलैंड
- ✗ C. स्वीडन
- ✗ D. फिनलैंड

**Q.33** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) ? A ? M V R ? F @ D E Q * ? R V M / % * M (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक से ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✓ D. तीन

**Q.34** A को दिया जाने वाला वह अधिकतम मान क्या है जिससे 8-अंकों वाली संख्या 493A9132, संख्या 9 से विभाज्य हो जाए?

**Ans**
- ✗ A. 7
- ✓ B. 5
- ✗ C. 2
- ✗ D. 9

**Q.35** किसी संख्या का 20%, 620 के 20% से 160 अधिक है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 1270
- ✓ B. 1420
- ✗ C. 1520
- ✗ D. 1470

**Q.36** निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत की मौद्रिक प्रणाली अवसंरचना का एक प्रमुख तत्व है?

**Ans**
- ✗ A. सड़कें (Roads)
- ✓ B. बैंक (Bank)
- ✗ C. पावर स्टेशन (Power station)
- ✗ D. रेलवे (Railway)

**Q.37** यदि $p^2 + 3p = 3$ है, तो $(p+4)^3 + \frac{1}{(p+4)^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 55
- ✓ B. 110
- ✗ C. 52
- ✗ D. 104

Adda247

**Q.38** निम्नलिखित में से किस भौतिक विज्ञानी के प्रयोगों के माध्यम से जड़त्व नियम की मूलभूत समझ स्थापित हुई?

**Ans**
- ✗ A. माइकल फैराडे (Michael Faraday)
- ✗ B. अल्बर्ट आइंस्टीन (Albert Einstein)
- ✓ C. गैलीलियो गैलीली (Galileo Galilei)
- ✗ D. आर्किमिडीज़ (Archimedes)

**Q.39** किस वाद्ययंत्र को आघात वाद्य और 'तालवाद्य' दोनों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. सरोद
- ✓ B. तबला
- ✗ C. बाँसुरी
- ✗ D. संतूर

**Q.40** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)

3 – 30 – 150 – 151
9 – 90 – 450 – 451

**Ans**
- ✗ A. 6 – 60 – 30 – 150
- ✗ B. 15 – 150 – 750 – 749
- ✓ C. 12 – 120 – 600 – 601
- ✗ D. 8 – 80 – 400 – 40

**Q.41** 2025 में, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने भारत में संयुक्त रूप से SJ-100 सिविल कम्यूटर एयरक्राफ्ट बनाने के लिए मॉस्को में किस विदेशी एयरोस्पेस कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

**Ans**
- ✗ A. स्पेस एक्टिविटीज़ के लिए रोस्कोस्मोस स्टेट कॉर्पोरेशन (Roscosmos State Corporation for Space Activities)
- ✗ B. सुखोई सिविल एयरक्राफ्ट कंपनी (Sukhoi Civil Aircraft Company)
- ✓ C. रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (PJSC-UAC) {Russia's United Aircraft Corporation (PJSC-UAC)}
- ✗ D. इर्कुट कॉर्पोरेशन (Irkut Corporation)

**Q.42** तीन धनात्मक पूर्णांक P, Q और R इस प्रकार हैं कि P और Q का महत्तम समापवर्तक 15 है, Q और R का महत्तम समापवर्तक 10 है और R और P का महत्तम समापवर्तक 5 है। यदि P + Q + R का योग यथासंभव न्यूनतम हो, तो P × Q × R का मान कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 6000
- ✗ B. 1500
- ✗ C. 3000
- ✓ D. 4500

**Q.43** 1991 के सुधारों के दौरान निम्नलिखित में से किसके लिए, औद्योगिक लाइसेंस में छूट नहीं दी गई थी?

**Ans**
- ✓ A. ऐल्कोहॉल
- ✗ B. खाद्य प्रसंस्करण
- ✗ C. कोयला
- ✗ D. इस्पात

Q.44 एक वर्ग का क्षेत्रफल 5184 $cm^2$ है। इसका परिमाप एक सम षट्भुज के परिमाप के बराबर है। षट्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3472
- ✗ B. 3434
- ✗ C. $3432\sqrt{3}$
- ✓ D. $3456\sqrt{3}$

Q.45 निम्नलिखित में से किस अक्षर समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : ONQ :: LKN : %

Ans
- ✓ A. # = QPS , % = JIL
- ✗ B. # = RQU , % = KPM
- ✗ C. # = QUV , % = JLP
- ✗ D. # = RUS , % = KON

Q.46 निम्न में से वह द्विघात समीकरण कौन-सा है, जिसके मूल 3 और –2 हैं?

Ans
- ✓ A. $x^2 - x - 6 = 0$
- ✗ B. $x^2 - x + 6 = 0$
- ✗ C. $x^2 + x - 6 = 0$
- ✗ D. $x^2 + x + 6 = 0$

Q.47 सही विकल्प का चयन कीजिए।

Ans
- ✗ A. एक वर्ग के विकर्ण बराबर नहीं होते हैं और एक दूसरे को द्विभाजित करते हैं।
- ✗ B. एक वर्ग के विकर्ण बराबर नहीं होते हैं और एक दूसरे को द्विभाजित नहीं करते हैं।
- ✓ C. एक वर्ग के विकर्ण बराबर होते हैं और एक दूसरे को द्विभाजित करते हैं।
- ✗ D. एक वर्ग के विकर्ण बराबर होते हैं और एक दूसरे को द्विभाजित नहीं करते हैं।

Q.48 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

89 87 84 79 72 ?

Ans
- ✗ A. 63
- ✓ B. 61
- ✗ C. 62
- ✗ D. 59

Q.49 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प LAN को सर्वोत्तम रूप में वर्णित करता है?

Ans
- ✗ A. उच्च क्षमता वाला कॉम्पैक्ट डिस्क फॉर्मेट
- ✗ B. अक्षरों को संख्याओं में दर्शाने के लिए प्रयुक्त कोड
- ✗ C. ऑप्टिकल डिस्क को रीड करने के लिए प्रयुक्त स्टोरेज डिवाइस
- ✓ D. कार्यालय या विद्यालय जैसे छोटे भौगोलिक क्षेत्र को कवर करने वाला नेटवर्क

Q.50 3 चरों वाले, निम्नलिखित 3 समीकरणों के निकाय को हल कीजिए।

$2x + y - 3z = -4$
$4x - 2y + z = 9$
$3x + 5y - 2z = 5$

Ans
- ✓ A. x = 2, y = 1, z = 3
- ✗ B. x = −2, y = 1, z = 3
- ✗ C. x = 2, y = −1, z = −3
- ✗ D. x = −2, y = −1, z = 3

Adda247

Q.51 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, दिसंबर 2025 में टॉप-सीडेड हांगकांग पर 3-0 की प्रभावी जीत के बाद मिश्रित टीम स्क्वैश विश्व कप चैंपियन के रूप में उभरा?

Ans
✔ A. भारत
✗ B. मिस्र
✗ C. ऑस्ट्रेलिया
✗ D. इंग्लैंड

Q.52 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्क पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी कार, विमान हैं। कुछ विमान, ट्रेन हैं। कुछ ट्रेन, जहाज हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कार, ट्रेन हैं।
(II) कुछ विमान, जहाज हैं।

Ans
✗ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
✔ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.53 सल्तनत काल की इमारतों में उपयोग की जाने वाली सजावट का प्रमुख रूप क्या है?

Ans
✗ A. तोरण (Toranas)
✗ B. आमलक (Amalaka)
✔ C. बेलबूटाकारी (Arabesque)
✗ D. कलश (Kalasha)

Q.54 वंश बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम दिशा में 26 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 15 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है और 35 km चलता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़ता है और 21 km चलता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 9 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans
✗ A. दक्षिण की ओर 5 km
✗ B. उत्तर की ओर 6 km
✗ C. उत्तर की ओर 5 km
✔ D. दक्षिण की ओर 6 km

Q.55 निम्नलिखित में से किस संस्थान की स्थापना स्वदेशी आंदोलन के दौरान की गई थी?

Ans
✗ A. बेथुन स्कूल
✗ B. शांतिनिकेतन
✗ C. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
✔ D. बंगाल नेशनल कॉलेज

Q.56 1850 m की एक वृत्तीय दौड़ में, अमन और सुमन एक ही बिंदु से एक ही समय पर क्रमशः 22 km/h और 15 km/h की चाल से दौड़ना शुरू करते हैं। कितने समय बाद वे विपरीत दिशा में दौड़ते हुए ट्रैक पर पहली बार मिलेंगे?

Ans
✔ A. 180 सेकंड
✗ B. 189 सेकंड
✗ C. 172 सेकंड
✗ D. 170 सेकंड

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.57** स्थिर जल में नाव A की चाल 10 km/h है। नाव A को धारा की दिशा में शहर P से शहर Q तक पहुँचने में 3 घंटे का समय लगता है। शहर Q से शहर P तक पहुँचने में नाव B को 5 घंटे का समय लगता है। यदि धारा की चाल 5 km/h है, तो नाव B को शहर P से शहर Q तक पहुँचने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. $3\frac{4}{15}$
- ✓ C. $2\frac{7}{19}$
- ✗ D. 4

**Q.58** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

HUGE - UEGH - EGUH
LIST - ITSL - TSIL

Ans
- ✗ A. VIBE - IVBE - EIBV
- ✓ B. HEAR - ERAH - RAEH
- ✗ C. BANK - BNAK - KNAB
- ✗ D. EAST - AEST - TASE

**Q.59** दिसंबर 2025 में, US डॉलर के मुकाबले रुपये (₹) की मूल्यवृद्धि का सर्वाधिक संभावित कारण RBI द्वारा की गई निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाई थी?

Ans
- ✗ A. बॉन्ड की खरीद
- ✗ B. सोने का आयात
- ✓ C. डॉलर की बिक्री
- ✗ D. ब्याज दरों में वृद्धि

**Q.60** आवर्त सारणी में निम्नलिखित में से किस तत्व को धातु के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाता है?

Ans
- ✗ A. सोडियम
- ✓ B. सल्फर
- ✗ C. कैल्सियम
- ✗ D. पोटैशियम

**Q.61** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

56 55 51 42 26 ?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✓ D. 1

**Q.62** एक निश्चित तरीके से SP 12 का संबंध WT 16 से है। उसी प्रकार, MJ 15 का संबंध QN 19 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, EB 24 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✓ A. IF 28
- ✗ B. JG 29
- ✗ C. IG 29
- ✗ D. JF 28

Adda247

Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सा, 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 की विशेषता नहीं है?

Ans
- ✔ A. ग्राम स्तर पर लोकपाल की स्थापना
- ✘ B. स्वशासन की संस्थाओं के रूप में पंचायतों की स्थापना
- ✘ C. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान
- ✘ D. पंचायतों के लिए हर पांच साल में अनिवार्य चुनाव

Q.64 L, M, N, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
M सबसे ऊपरी तल पर रहता है। M और D के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। N, D के नीचे किसी तल पर रहता है। E किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। L किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन क्रमांक 5 वाले तल पर नहीं। F और D के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✘ A. एक
- ✔ B. दो
- ✘ C. चार
- ✘ D. तीन

Q.65 2025 में चक्रवात दितवाह की अनुक्रिया में, भारत ने भारतीय नौसेना के अतिरिक्त युद्धपोतों को तैनात करके श्रीलंका को सहायता प्रदान करने के लिए किस मानवीय मिशन का विस्तार किया?

Ans
- ✘ A. ऑपरेशन समुद्र सेतु
- ✘ B. ऑपरेशन वनीला
- ✘ C. ऑपरेशन मैत्री
- ✔ D. ऑपरेशन सागर बंधु

Q.66 1857 के सैन्य विद्रोह के प्रत्युत्तर में अंग्रेजों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से कौन-सा प्रशासनिक परिवर्तन लागू किया गया था, जो शासन संरचना में बदलाव का प्रतीक था?

Ans
- ✔ A. सत्ता का कंपनी से क्राउन को हस्तांतरण
- ✘ B. क्वीन विक्टोरिया की उद्घोषणा जारी करना
- ✘ C. भारतीय परिषद अधिनियम, 1861 का अधिनियमन
- ✘ D. बंगाल में स्थायी बंदोबस्त की शुरुआत

Q.67 y का वह मान ज्ञात कीजिए, जो $12 \times 3 \times 940 \div \sqrt{2209} = y + 716$ को संतुष्ट करता है।

Ans
- ✔ A. 4
- ✘ B. 3
- ✘ C. -6
- ✘ D. 0

Q.68 एक शिक्षक को 300 विद्यार्थियों को तीन समूहों में विभाजित करना है इस प्रकार कि दूसरे और तीसरे समूह में विद्यार्थियों का अनुपात 3 : 7 हो तथा पहले और तीसरे समूह में विद्यार्थियों का अनुपात 2 : 7 हो। निम्नलिखित में से दूसरे समूह में विद्यार्थियों की सही संख्या कौन-सी है?

Ans
- ✘ A. 72
- ✘ B. 64
- ✔ C. 75
- ✘ D. 88

Q.69 (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-4) × 9 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. -52
- ✔ B. -49
- ✘ C. -51
- ✘ D. -48

Adda247

**Q.70** निम्नलिखित में से जीवों का कौन-सा समूह, अगुणित-प्रभावी जीवन चक्र की घटना को प्रदर्शित करता है?

**Ans**
- ✗ A. आवृतबीजी
- ✗ B. स्तनधारी
- ✗ C. उभयचर
- ✓ D. कवक

**Q.71** एक निश्चित कूट भाषा में,
Q + W का अर्थ है कि 'Q, W का पिता है',
Q @ W का अर्थ है कि 'Q, W का भाई है',
Q $ W का अर्थ है कि 'Q, W की माता है', और
Q # W का अर्थ है कि 'Q, W की बहन है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि ' N @ R + K @ S' हो, तो N का S से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ A. भाई
- ✗ B. भाई का पुत्र
- ✓ C. पिता का भाई
- ✗ D. पुत्र

**Q.72** संविधान के अनुच्छेद 275 के अंतर्गत, संसद द्वारा राज्यों को सहायता अनुदान के रूप में दी गई धनराशियाँ किस निधि पर प्रभारित की जानी चाहिए?

**Ans**
- ✗ A. भारत की आकस्मिकता निधि
- ✗ B. भारत का लोक लेखा
- ✗ C. राज्य आपातकालीन निधि
- ✓ D. भारत की संचित निधि

**Q.73** $\operatorname{cosec}^2 63^\circ + 3\sec^2 56^\circ - 3\cot^2 34^\circ - \tan^2 27^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 1
- ✓ B. 4
- ✗ C. 2
- ✗ D. 3

**Q.74** निम्नलिखित में से कौन-सा नदी डेल्टा, पूर्वी तटीय मैदान पर स्थित नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. कृष्णा
- ✗ B. गोदावरी
- ✓ C. ताप्ती
- ✗ D. महानदी

**Q.75** निम्नलिखित में से किस समिति की स्थापना अश्विनी कुमार दत्त ने बरिशाल में की थी?

**Ans**
- ✗ A. भारत माता समिति (Bharat Mata Samiti)
- ✓ B. स्वदेश बांधव समिति (Swadesh Bandhab Samiti)
- ✗ C. युगांतर समिति (Jugantar Samiti)
- ✗ D. अनुशीलन समिति (Anushilan Samiti)

**Q.76** सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल B को C के ऊपर रखा गया है। केवल E को C और F के बीच रखा गया है। केवल A को G के नीचे रखा गया है। C और G के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
- ✗ A. 1
- ✗ B. 2
- ✗ C. 4
- ✓ D. 3

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.77 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. NP-RT<br>✗ B. IK-MO<br>✗ C. KM-OQ<br>✓ D. CE-HJ |

| Q.78 | दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 29 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 29 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी को एक चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 1<br>✗ B. 4<br>✗ C. 2<br>✗ D. 3 |

| Q.79 | एक दुकानदार ने ₹300 प्रति दर्जन की दर से 67 दर्जन वस्तुएं खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु को ₹34 की दर से बेचा। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 34%<br>✓ B. 36%<br>✗ C. 37%<br>✗ D. 38% |

| Q.80 | कितने वर्षों में ₹9,000 पर 4% वार्षिक ब्याज दर से ₹720 साधारण ब्याज प्राप्त होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3<br>✗ B. 1<br>✗ C. 4<br>✓ D. 2 |


| Q.81 | किस संगठन ने 2025 में लड़ाकू विमान के बचाव तंत्र का सफल उच्च-गति रॉकेट-स्लेड परीक्षण किया, जिससे भारत उन्नत आंतरिक परीक्षण क्षमता वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारतीय वायु सेना<br>✗ B. एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी<br>✗ C. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड<br>✓ D. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन |

| Q.82 | भारत में, केंद्र-राज्य संबंधों में वित्त आयोग की मुख्य भूमिका क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. राज्य के बजट को स्वीकृति देना<br>✗ B. GST में राज्यों के हिस्से का आवंटन करना<br>✗ C. आर्थिक विकास निधियों की योजना बनाना<br>✓ D. केंद्र और राज्यों के बीच करों से प्राप्त शुद्ध आगमों के वितरण की अनुशंसा करना |

| Q.83 | P, Q और R प्रकार की प्रत्येक वस्तु की कीमत क्रमशः ₹280, ₹180 और ₹115 है। रानू प्रत्येक प्रकार की वस्तुएँ 4 : 4 : 3 के अनुपात में ₹6,555 में खरीदता है। उसने Q प्रकार की कितनी वस्तुएँ खरीदीं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 12<br>✗ B. 9<br>✗ C. 20<br>✗ D. 18 |

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.84 दी गई आकृति में, यदि P || Q दिया गया है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।




Ans
- ✗ A. 70
- ✓ B. 66
- ✗ C. 72
- ✗ D. 68

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा, दो अलग-अलग कार्यों के लिए दो नलिकाओं के उपयोग के कारण एक मिश्रित सुषिर वाद्य है?

Ans
- ✗ A. क्लैरिनेट (Clarinet)
- ✓ B. मगुडी (Magudi)
- ✗ C. शंख (Conch)
- ✗ D. कोम्बु (Kombu)

Q.86 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 746 154 798 123 145 (दाएं)
(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोटः सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।
यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ दिया जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 16
- ✓ B. 10
- ✗ C. 13
- ✗ D. 11

Q.87 वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन किसी निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. BDF
- ✗ B. FHJ
- ✗ C. HJL
- ✓ D. TVY

Q.88 सलेम स्टील प्लांट किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ A. बिहार
- ✓ B. तमिलनाडु
- ✗ C. झारखंड
- ✗ D. कर्नाटक

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.89 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 917 946 857 971 587 (दाएं)
(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोटः सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।
यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ दिया जाए तो परिणाम क्या प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 18
- ✗ B. 17
- ✓ C. 14
- ✗ D. 19

Q.90 अर्जुन के पास ₹1394 हैं। वह इस धनराशि को अपने दो बेटों, कार्तिक और ईशान के बीच बांट देता है और उन्हें अपने-अपने हिस्से को 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजिक) पर निवेश करने के लिए कहता है। यह पाया गया कि 17 वर्षों के बाद कार्तिक को प्राप्त मिश्रधन,18 वर्षों के बाद ईशान को प्राप्त मिश्रधन के बराबर है। अर्जुन ने ईशान को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✗ A. 814
- ✗ B. 714
- ✗ C. 530
- ✓ D. 680

Q.91 P और Q एक कार्य को क्रमशः 20 और 30 दिनों में पूरा कर सकते हैं। वे एकांतर रूप से, एक दिन P और अगले दिन Q, कार्य करने का निर्णय लेते हैं, जब कि तक कि कार्य पूरा न हो जाए। यदि कार्य की शुरूआत P द्वारा की जाती है, तो कार्य पूरा होने में कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 21 दिन
- ✗ B. 18 दिन
- ✗ C. 25 दिन
- ✓ D. 24 दिन

Q.92 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: राहुल, अमन, करण, निखिल और वरुण में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से दूसरा सबसे लंबा कौन है?
(I) करण की लंबाई राहुल और अमन से कम है, लेकिन निखिल से कम है।
(II) वरुण, करण से लंबा है, लेकिन निखिल से छोटा है।

Ans
- ✗ A. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ B. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ C. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✓ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)

Q.93 चंद्रपरम पोन्नसामी राधाकष्णन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
1. वह 31 जलाई 2024 से महाराष्ट्र के 24वें और वर्तमान राज्यपाल हैं।
2. महाराष्ट्र के राज्यपाल बनने से पर्व, उन्होंने फरवरी, 2023 से जुलाई, 2024 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया था।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

Ans
- ✗ A. न तो 1 और न ही 2
- ✗ B. केवल 1
- ✗ C. केवल 2
- ✓ D. 1 और 2 दोनों

Q.94 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी धारा, नहर हैं। कुछ नहर, नदी हैं। कुछ नदी, सागर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ सागर, धारा हैं।
(II) कुछ नदी, धारा हैं।

Ans
✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ D. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.95 मुगल शासन के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा मंत्री, राजा के अधीन संपूर्ण सेना का सेनापति था?

Ans
✘ A. दीवान-ए-इन्शा (Diwan-i-Insha)
✘ B. मीर सामाँ (Mir Saman)
✔ C. मीर बख्शी (Mir Bakshi)
✘ D. सद्र-उस-सुदूर (Sadr-us-Sudur)

Q.96 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'M - V × T ÷ S + K' है, तो M का K से क्या संबंध है?

Ans
✘ A. भाई
✔ B. भाई का पुत्र
✘ C. बहन का पुत्र
✘ D. पुत्री का पुत्र

Q.97 निम्नलिखित में से कौन-से भारत के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर हैं?
I. कोणार्क मंदिर
II. मोढेरा मंदिर
III. मार्तंड मंदिर
नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।

Ans
✘ A. केवल I और II
✘ B. केवल I
✘ C. केवल I और III
✔ D. I, II और III

Q.98 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, G के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। F, C के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। C, E के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। A, G के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है।
G के दाएँ से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✘ A. F
✘ B. A
✔ C. C
✘ D. E

Adda247 GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>22 A 11 C 3 B 7 D 6 = ? | |
| Ans | ✗ A. 14<br>✗ B. 13<br>✓ C. 17<br>✗ D. 15 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | एक बिल्डिंग ठेकेदार 25 कुशल श्रमिकों और 5 अकुशल श्रमिकों को काम पर रखता है। एक कुशल श्रमिक को वह ₹30 प्रति घंटा और एक अकुशल श्रमिक को ₹24 प्रति घंटा की दर से भुगतान करता है। ठेकेदार द्वारा भुगतान की जाने वाली प्रति घंटा औसत मजदूरी (₹ में) ज्ञात करें। | |
| Ans | ✗ A. 27<br>✗ B. 25<br>✗ C. 32<br>✓ D. 29 | |

"

Adda247